**आवश्यक**

**पंचायत आम चुनाव, 2021**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांक - पं.नि. 30-25/2020 - 234

प्रेषक,

योगेन्द्र राम
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी -सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)

पटना, दिनांक - 30/01/2021

**विषय : पंचायत आम निर्वाचन, 2021 – मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।**

**प्रसंग : आयोग का पत्रांक 1506 दिनांक 11.12.2020**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के लिए मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दावा/ आपत्ति प्राप्त हो रहे होंगे, जिसका निष्पादन प्रखंड स्तर/ जिला स्तर पर किया जा रहा होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रासंगिक पत्र की कंडिका 10 के अन्तिम पारा के अन्तिम पंक्ति में निदेश है कि कंडिका 10 (6) एवं (7) के लिए आयोग के आदेश की आवश्यकता होगी। जो नये व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में प्रपत्र-घ में प्राप्त दावा पर कार्रवाई करते हुए आयोग का अनुमोदन प्राप्त कर जोड़े जाने से संबंधित है।

**उक्त दोनों मामलों 10 (6) एवं 10 (7) को संशोधित करते हुए आयोग का निदेश है कि संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) के स्तर पर ही अन्तिम निर्णय लिया जाना है। इसके लिए आयोग की अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है। तदनुसार प्रासंगिक पत्र को इस हद तक संशोधित समझा जाय, शेष यथावत रहेंगे।**

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई करते हुए **संलग्न प्रपत्र** में सूचना दिनांक 09.02.2021 को आयोग को भेजना सुनिश्चत की जाय। साथ ही तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 -234 पटना, दिनांक - 30.01.2021

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्तों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि कृपया अपने स्तर से नियमित समीक्षा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 - 234 पटना, दिनांक - 30.01.2021

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायत राज विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 – पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि, निदेशक,सॉफ्टवेयर एजुकेशन रिसर्च प्रा. लि. को आयोग के वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सचिव

D:\pm5\P_E_2021/82

# प्रपत्र

(मतदाता सूची संबंधी दावा/ आपत्ति प्राप्ति एवं निष्पादन विवरणी)

जिला का नाम –

प्रखंड का नाम -

| | | दावा/ आपत्ति परिवर्द्धन (Addition) | | | | | दावा/ आपत्ति संशोधन (Modification) | | | | | दावा/ आपत्ति विलोपन (Delition) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त | | | निष्पादित | | प्राप्त | | | निष्पादित | | प्राप्त | | | निष्पादित | |
| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | ऑफलाईन | ऑनलाईन | कुल | स्वीकृत | अस्वीकृत | ऑफलाईन | ऑनलाईन | कुल | स्वीकृत | अस्वीकृत | ऑफलाईन | ऑनलाईन | कुल | स्वीकृत | अस्वीकृत |
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

स्थान :

दिनांक :

जिला पदाधिकारी-सह-

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)